रेलटेल गतिविधियाँ
तेरहवां अंक
जनवरी से मार्च, 2022

# रेलटेल को वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई पुरस्कार




9 फरवरी 2022 को रेलटेल ने सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम लिमिटेड में वर्ष 2020–21 के लिए वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई(ICAI) से पुरस्कार प्राप्त किया है। आईसीएआई ने वित्तीय विवरणों में सूचना तैयार करने और प्रस्तुत करने में बेहतर मानकों को बढ़ावा देने के लिए इस पुरस्कार का प्रावधान किया है।

# रेलटेल की 130वीं निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन



24 मार्च 2022 को रेलटेल की 130वीं निदेशक मंडल की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कंपनी के कारोबार एवं अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बैठक में श्री पुनीत चावला, सीएमडी, श्री संजय कुमार, निदेशक/एनपीएम और पीओएम (अतिरिक्त प्रभार), श्री ए.के. सिंह, निदेशक/वित्त तथा श्री चिन्नासामी गणेशन, डॉ. सुभाष शर्मा, चौ. एन मनोहरन और श्री वी. शंकर , स्वतंत्र निदेशक उपस्थित थे।

# आजादी का अमृत महोत्समव के दौरान आयोजित कार्यक्रम






आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान 25 जनवरी, 2022 को भारत के गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या के अवसर पर वर्चुअल रूप से "कविता/गजल/शेयरों–शायरी/देशभक्ति गीत" का पाठ का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कार्पोरेट कार्यालय व क्षेत्रीय कार्यालयों से 25 कार्यपालकों ने सक्रिय रूप से सहभागिता की। विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।

# रेलटेल में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन






8 मार्च 2022 को रेलटेल में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय श्री पुनीत चावला ने रेलटेल के महिला विशेषांक न्यूजलेटर "अपराजिता" का विमोचन किया। तत्पश्चात रेलटेल महिला कर्मियों को सम्बोधित किया ।





अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, रेलटेल श्री पुनीत चावला अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक विशेष पुरस्कार समारोह में रेलटेल की महिला अचीवर्स को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करते हुए।





8 मार्च 2022 को रेलटेल में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. नीतू जैन, एसोसिएट प्रोफेसर (संगठन और व्यवहार विज्ञान क्षेत्र), चेयर इंचार्ज, डॉ अंबेडकर चेयर इन सोशल जस्टिस इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के साथ एक अन्त दृष्टि अवलोकन सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय श्री पुनीत चावला मुख्य वक्ता डॉ. नीतू जैन को पौधा भेंट कर स्वागत करते हुए। क्षेत्रीय कार्यालयों में कार्यरत महिला कर्मियों ने टी.पी. के माध्यम से कार्यक्रम में सहभागिता की ।




अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रेलटेल, कार्पोरेट कार्यालय की महिला कर्मियों के समूह चित्र में रेलटेल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पुनीत चावला।

## नववर्ष –2022 का स्वागत समारोह






1 जनवरी 2022 को नववर्ष के अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय श्री पुनीत चावला एवं निदेशकगणों ने रेलटेल परिवार को शुभकामनाएं दी। इव अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक ने रेलटेल अभी तक की उपलब्धियों और आगामी लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए रेलटेल कर्मियों को संबोधित किया।

# रेलटेल राजभाषा कार्यान्वियन समिति की 30वीं तिमाही बैठक का आयोजन



31 मार्च 2022 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक महोदय श्री पुनीत चावला की अध्यक्षता में रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 30वीं तिमाही बैठक का आयोजन किया गया जिसमें राजभाषा के प्रयोग प्रसार एवं कार्यान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में रेलटेल, कार्पोरेट कार्यालय के सभी वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। क्षेत्रीय कार्यालय प्रमुखों, टेरिटरी प्रबंधकों ने टी.पी. के माध्यम से सहभागिता की।

# रेलटेल में ई-पुस्तकालय का शुभारम्भ







रेलटेल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 30वीं तिमाही बैठक के दोरान सीएमडी महोदय ने रेलटेल में अभिकल्पित एवं विकसित की गयी ई –पुस्तकालय का उद्घाटन और रेलटेल की छःमाही गृह राजभाषा पत्रिका 'रेलटेल प्रगति' के पांचवे अंक का विमोचन भी किया। सीएमडी महोदय ने ई–पुस्तकालय के सृजन में किए गए प्रयासों की सराहना की ।

# गत तिमाही के दौरान रेलटेल की उपलब्धियां

रेलटेल ने फॉर्च्यून इंडिया की अगली 500 सूची 2022 में 124वां स्थान प्राप्त किया है

रेलटेल RAILTEL

- फॉर्च्यून की सूची में केवल दूरसंचार सार्वजनिक उपक्रम।
- केवल 5 अन्य दूरसंचार कंपनियों ने इस सूची में जगह बनाई।
- 2021 की सूची से 67 स्थान ऊपर।

रेलटेल ने आरवीएनएल के 32 स्थानों पर 5 वर्षों के लिए रेलटेल एमपीएलएस–वीपीएन सेवाओं की स्थापना के लिए रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) से 11.57 करोड़ रुपये का ऑर्डर प्राप्त किया है।

रेलटेल RAILTEL

रेलटेल ने मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में स्थित 16 एसईसीएल कमांड क्षेत्रों में 5 साल की अवधि के लिए समर्पित इंटरनेट लीज लाइन प्रदान करने के लिए दक्षिण पूर्वी कोयला क्षेत्रों से 15.76 करोड़ रुपये का ऑर्डर प्राप्त किया है।

रेलटेल RAILTEL

रेलटेल ने 11 जनवरी 2022 को वित्त वर्ष 2021–22 के लिए 1.75/– रुपये प्रति शेयर (चुकता शेयर पूंजी के 15.5 प्रतिशत की दर से) का अंतरिम लाभांश घोषित किया है। लाभांश के लिए रिकॉर्ड तिथि 21 जनवरी 2022।

रेलटेल RAILTEL

रेलटेल ने ओडिशा के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी ब्रॉडबैंड पहुंच के लिए ओपीटीसीएल के पैन ओडिशा 3000 ऑप्टिकल फाइबर केबल नेटवर्क का उपयोग करने के लिए ओडिशा पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन (ओपीटीसीएल) के साथ एक समझौता किया है।

रेलटेल RAILTEL

आज़ादी का अमृत महोत्सव

रेलटेल RAILTEL

## अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली



**देश भर में भारतीय रेलवे के सभी 695 अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को "आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन" (ABDM) के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत किया गया**

WWW.RAILTELINDIA.COM

रेलटेल द्वारा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) के सहयोग से, रेलवे अस्पतालों में लागू "अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली (HMIS)" को "आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन" (ABDM) के साथ जोड़कर एकीकृत किया गया है।




रेलटेल सभी रेलों के जोनल/डिविजनल हेड क्वार्टरों में केंद्रीकृत निगरानी नियंत्रण केंद्र भी बना रहा है जो यात्रियों और रेलवे संपत्तियों के लिए बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करने वाली निगरानी गतिविधि को बढ़ावा देगा।

## रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन



17 मार्च, 2022 को रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्री पुनीत चावला ने सभी कार्यपालकों एवं उनके परिवार को होली की शुभकानाएं दी। कॉर्पोरेट कार्यालय के कार्यपालकों के साथ समूह चित्र में अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारीगण।

## रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड

**(भारत सरकार का उपक्रम, रेल मंत्रालय)**



**कॉर्पोरेट कार्यालय :** प्लेट–ए, छठा तल, ऑफिस ब्लॉक, टॉवर–2, ईस्ट किदवई नगर, नई दिल्ली–110023
दूरभाष : +91–11–22900600, फैक्स :+91–11–22900699, वेबसाईट : www.railtelindia.com

रेलटेल, कॉर्पोरेट कार्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा प्रकाशित